Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	अमर उजाला	Page No:	11
Place:	नई दिल्ली	Date:	27/2/2018

नोकिया संग मिलकर 4जी सेवा देगा बीएसएनएल

बार्सिलोना। बीएसएनएल ने देश के पश्चिमी तथा दक्षिणी जोन के 10 दूरसंचार सर्किल में 4जी सेवाओं की शुरुआत के लिए फिनलैंड की कंपनी नोकिया के साथ करार किया है। बीएसएनएल के सीएमडी अनुपम श्रीवास्तव ने बयान में बताया कि नोकिया जैसा प्रौद्योगिकी साझेदार होने पर हमें गर्व है, जिसके साथ हम दक्षिणी तथा पश्चिमी जोन में नवीनतम सिंगल आरएएन प्रौद्योगिकी की शुरुआत करने और उसके बाद 5जी की तरफ बढ़ने को लेकर काम कर रहे हैं।

नोकिया प्रौद्योगिकी को देश के 10 दूरसंचार सर्किल- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,



कर्नाटक, केरल तथा तेलंगाना में तैनात करेगी, जिसका लाभ बड़े शहर, कंपनियां, प्रौद्योगिकी व पर्यटन केंद्र तथा बीएसएनल के लगभग 3.8 करोड़ ग्राहक उठाएंगे। नोकिया द्वारा तैनात नेटवर्क प्रौद्योगिकी से बीएसएनएल को 2जी, 3जी तथा 4जी ग्राहकों को सिंगल रेडियो यूनिट में सपोर्ट करने को लेकर संचालन संबंधी खर्च बचाने में मदद मिलेगी। एजेंसी